संख्याः 16/2020/803/छिहत्तर-1-2020-9सम/2002, टी0सी0-4

प्रेषक,

अनुराग श्रीवास्तव,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

मिशन निदेशक,
राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
लखनऊ।

नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति अनुभाग-1 लखनऊः दिनांक 09 अप्रैल, 2020

विषय- राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के सुदृढ़ीकरण एवं बुन्देलखण्ड/ विंध्य क्षेत्र के 09 जनपदों में जिला परियोजना प्रबन्धन इकाई के गठन हेतु पदों का सृजन किया जाना।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के पत्र संख्या-1469/डब्लू-314 (एच0आर0) /2019 दिनांक 27 दिसम्बर, 2019 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन का सुदृढ़ीकरण किये जाने हेतु अतिरिक्त पदों का सृजन एवं बुन्देलखण्ड/ विंध्य क्षेत्र के 09 जनपदों में राज्य सरकार द्वारा संचालित पाइप पेयजल योजना के क्रियान्वयन हेतु जिला परियोजना प्रबन्धन इकाई का गठन किये जाने हेतु नवीन पदों के सृजन का प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया है।

2- पूर्व में निर्गत शासनादेश संख्या- 2373/38-5-2003, दिनांक 21 अगस्त, 2003 द्वारा राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन में विभिन्न प्रकृति के कुल 35 अस्थाई पदों का सृजन किया गया है। वर्तमान में भारत सरकार द्वारा क्रियान्वित 'जल जीवन मिशन' सहित राज्य सेक्टर की पेयजल से सम्बन्धित विभिन्न योजनाओं/ कार्यक्रमों का क्रियान्वयन राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा किया जा रहा है। उक्त के दृष्टिगत राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन का सुदृढ़ीकरण करने तथा विन्ध्य/बुन्देलखण्ड, तथा गुणता प्रभावित ग्रामों की पाइप पेयजल योजना के अन्तर्गत बुन्देलखण्ड के 07 जनपदों तथा विन्ध्य क्षेत्र के 02 जनपदों अर्थात कुल 09 जनपदों (मीरजापुर, सोनभद्र, ललितपुर, झासी, जालौन, हमीरपुर, बादा, महोबा एवं चित्रकूट) में जिला परियोजना प्रबन्धन इकाई के गठन हेतु निम्नलिखित अस्थाई पदों के सृजन की, शर्तो / विवरण के अधीन, राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

(अ) राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन (राज्य स्तर) के सुदृढ़ीकरण हेतु पद

| क्र.सं. | पद का नाम | पदों की संख्या | वेतनमान | भर्ती का स्रोत | पात्रता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| (क) तकनीकी यूनिट | | | | | |
| 1 | मुख्य अभियन्ता | 01 | ग्रेड पे- 8900 (लेवल- 13 क) | प्रतिनियुक्ति | सन्दर्भित वेतनमान में कार्यरत अनुभवी सिविल इंजीनियर। |
| 2 | अधीक्षण | 02 | ग्रेड पे- 8700 | प्रतिनियुक्ति | प्रस्तावित वेतनमान में कार्यरत |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | अभियन्ता (सिविल) | | (लेवल- 13) | | अनुभवी सिविल इंजीनियर। |
| 3 | अधिशासी अभियन्ता (सिविल) | 03 | ग्रेड पे- 6600 (लेवल- 11) | प्रतिनियुक्ति | सन्दर्भित वेतनमान में कार्यरत अभियन्ता, जिनको पेयजल योजनाओं के क्रियान्वयन/ अनुश्रवण/ मूल्यांकन का 07 वर्ष का अनुभव प्राप्त हो। |
| 4 | सहायक अभियन्ता (सिविल) | 03 | ग्रेड पे- 5400 (लेवल- 10) | प्रतिनियुक्ति | सन्दर्भित वेतनमान में कार्यरत अभियन्ता, जिनको 05 वर्ष का अनुभव प्राप्त हो, पेयजल योजनाओं के क्रियान्वयन/ अनुश्रवण/ मूल्यांकन के अनुभव को वरीयता। |
| 5 | सहायक अभियन्ता (वि0/या0) | 01 | ग्रेड पे- 5400 (लेवल- 10) | प्रतिनियुक्ति | सन्दर्भित वेतनमान में कार्यरत अभियन्ता, जिनको 05 वर्ष का अनुभव प्राप्त हो, पेयजल योजनाओं के क्रियान्वयन/ अनुश्रवण/ मूल्यांकन के अनुभव को वरीयता। |
| 6 | अवर अभियन्ता | 06 | ग्रेड पे- 4600 (लेवल- 6) | प्रतिनियुक्ति | सन्दर्भित वेतनमान में कार्यरत अवर अभियन्ता, जिनको 03 वर्ष का अनुभव प्राप्त हो, पेयजल योजनाओं के क्रियान्वयन/ अनुश्रवण/ मूल्यांकन के अनुभव को वरीयता। |
| 7 | डाटा इन्ट्री आपरेटर | 03 | मानदेय 34000.00 | आउट सोर्सिंग | माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश की इण्टरमीडिएट की परीक्षा या सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त उसके समकक्ष कोई परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। कम्प्यूटर का एक वर्ष का डिप्लोमा अथवा सी0सी0सी0 कोर्स एवं कम्प्यूटर में कार्य करने का 05 वर्ष का अनुभव। टाइपिंग स्पीड-25 शब्द प्रति मिनट हिन्दी में। 40 शब्द प्रति मिनट अंग्रेजी में। |
| (ख) वित्त यूनिट | | | | | |
| 1 | सहायक लेखाकार | 03 | ग्रेड पे-2800 (लेबल 05) | प्रतिनियुक्ति | समान वेतनमान में कार्यरत लेखाकार जिनको 02 वर्ष का अनुभव प्राप्त हो। |
| 2 | पी0एफ0एम0एस0 सहायक | 01 | मानदेय 34000.00 | अनुबन्ध | पी0जी0 डिप्लोमा इन कम्प्यूटर/ एम0एस0वर्ष एवं एक्सल में दक्षता हिन्दी एवं अंग्रेजी में टाइपिंग, डाटा इन्ट्री का 02 वर्ष का अनुभव प्राप्त हो। |
| 3 | डाटा इन्ट्री आपरेटर | 01 | मानदेय 34000.00 | आउट सोर्सिंग | माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश की इण्टरमीडिएट की परीक्षा या सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त उसके |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | समकक्ष कोई परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। कम्प्यूटर का एक वर्ष का डिप्लोमा अथवा सी0सी0सी0 कोर्स एवं कम्प्यूटर में कार्य करने का 05 वर्ष का अनुभव। टाइपिंग स्पीड-25 शब्द प्रति मिनट हिन्दी में। 40 शब्द प्रति मिनट अंग्रेजी में। |
| (ग) अनुश्रवण एवं मूल्यांकन यूनिट | | | | | |
| 1 | प्रबन्धन सूचना प्रणाली सलाहकार | 01 | ग्रेड पे-5400 (लेबल 10) / मानदेय 66000.00 | प्रतिनियुक्ति / अनुबन्ध | प्रतिनियुक्ति की स्थिति में समान वेतन में कार्यरत अधिकारी, जिनको सम्बन्धित क्षेत्र में 03 वर्ष का अनुभव प्राप्त हो। अनुबन्ध की स्थिति में- शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव- एम0सी0ए0/ आई0टी0 डिग्री एवं सम्बन्धित क्षेत्र में कार्य करने का न्यूनतम 05 वर्ष का अनुभव। फ्रेमवर्क/ सिस्टम फार एम0आई0एस0 स्थापित करने का अनुभव / बड़ी परियोजनाओं या कार्यक्रमों के अनुश्रवण एवं मूल्यांकन कार्य का अनुभव, ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित परियोजनाओं एवं कार्यक्रमों में क्रियात्मक अनुभव को वरीयता। |

(ब) विन्ध्य / बुन्देलखण्ड के 09 जनपदों (मीरजापुर, सोनभद्र,ललितपुर,झासी, जालौन,हमीरपुर, बादा, महोबा एवं चित्रकूट)में जिला परियोजना प्रबन्धन इकाई हेतु पद

| क्र.सं. | पद का नाम | पदों की संख्या | वेतनमान | भर्ती का स्रोत | पात्रता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | अधिशासी अभियन्ता | 09 (प्रत्येक जनपद में एक) | ग्रेड पे- 6600 (लेवल- 11) | प्रतिनियुक्ति | समान वेतन में कार्यरत अभियन्ता, जिनको पेयजल योजनाओं के क्रियान्वयन/ अनुश्रवण / मूल्यांकन का 07 वर्ष का अनुभव प्राप्त हो |
| 2 | सहायक अभियन्ता | 09 (प्रत्येक जनपद में एक) | ग्रेड पे- 5400 (लेवल- 10) | प्रतिनियुक्ति | समान वेतन में कार्यरत अभियन्ता, जिनको पेयजल योजनाओं के क्रियान्वयन/ अनुश्रवण / मूल्यांकन का 05 वर्ष के अनुभव की वरीयता । |
| 3 | अवर अभियन्ता | 27 (प्रत्येक | ग्रेड पे- 4600 | प्रतिनियुक्ति | समान वेतन में कार्यरत |

ओ॰

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | जनपद में तीन) | (लेवल- 6) | | अभियन्ता, जिनको पेयजल योजनाओं के क्रियान्वयन/ अनुश्रवण / मूल्यांकन का 03 वर्ष के अनुभव की वरीयता। |
| 4 | सहायक लेखाकार | 09 (प्रत्येक जनपद में एक) | ग्रेड पे-2800 (लेबल 05) | प्रतिनियुक्ति | प्रस्तावित वेतनमान से एक क्रम नीचे वाणिज्य स्नातक योग्यताधारी राजकीय विभाग/ राज्य सरकार के उपक्रम / निगम में लेखाकार के पद पर कम से कम 04 वर्ष कार्य करने का अनुभव / अनुबन्ध की स्थिति में- कामर्स में स्नातकोत्तर अथवा सी0ए0 (इंटर तथा लेखा एवं वित्त कार्य में 07 वर्ष का अनुभव टेली सोफटवेयर एवं एम0एस0 आफिस में कार्य का अनुभव |
| 5 | डाटा इन्ट्री आपरेटर | 09(प्रत्येक जनपद में एक) | मानदेय 34000.00 | आउट सोर्सिंग | माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश की इण्टरमीडिएट की परीक्षा या सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त उसके समकक्ष कोई परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। कम्प्यूटर का एक वर्ष का डिप्लोमा अथवा सी0सी0सी0 कोर्स एवं कम्प्यूटर में कार्य करने का 05 वर्ष का अनुभव। टाइपिंग स्पीड-25 शब्द प्रति मिनट हिन्दी में। 40 शब्द प्रति मिनट अंग्रेजी में। |

(1) राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन में पदों के सृजन हेतु निर्गत शासनादेश संख्या-2373/38-5-2003 दिनांक 21 अगस्त, 2003 सृजित मिशन निदेशक के पद का पदनाम मिशन निदेशक/मुख्य कार्यकारी अधिकारी होगा।

(2) उक्त शासनादेश संख्या-2373/38-5-2003 दिनांक 21 अगस्त, 2003 द्वारा सृजित अपर निदेशक के पद का पदनाम अपर निदेशक/अधिशासी निदेशक होगा।

अ०२

(3) मिशन निदेशक/मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं अपर निदेशक/अधिशासी निदेशक के पद पर कार्यरत/तैनात अधिकारी को वही वेतन एवं भत्ते अनुमन्य होगें,जिस वेतनमान का अधिकारी तैनात होगा।

(4) संबंधित पदों पर चयन राज्य सरकार द्वारा निर्धारित प्रक्रिया एवं नियमों के अधीन किया जाएगा।

(5) संबंधित पदों पर वेतन एवं अन्य भत्ते वही देय होंगे, जो राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर अनुमन्य होंगे।

(6) पदों का सृजन योजना के पूर्णता की अवधि तक के लिए ही होगा।

(7) पदों का सृजन पूर्णतया अस्थायी है, इन पदों की निरंतरता वित्त विभाग द्वारा समय समय पर निर्गत शासनादेशों/लागू व्यवस्था के अनुरूप जारी की जाएगी।

(8) संबंधित पदों पर तैनात होने वाले अधिकारी/कर्मचारी अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन के लिए पूर्ण रूप से उत्तरदायी होंगे।

(9) आउट सोर्सिग एवं अनुबन्ध पर लिये जाने वाले कार्मिकों के निर्धारित मानदेय में प्रतिवर्ष 10 प्रतिशत वृद्धि अनुमन्य होगी।

(10)संबंधित पदो पर आने वाले व्ययभार का वहन 'जल जीवन मिशन' के अन्तर्गत यथासंभव भारत सरकार से प्राप्त कर किया जाएगा।

3- यह आदेश वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-2 के अशासकीय पत्र संख्या-ई-2-333 /दस-2020, दिनांक 07 अप्रैल, 2020 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

( अनुराग श्रीवास्तव )
प्रमुख सचिव।

संख्या-16/2020/803(1)/छिहत्तर-1-2020-9सम/2002 टी0सी0-4, तद्दिनांक

उपर्युक्त की प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. महालेखाकार (प्रथम), उत्तर प्रदेश प्रयागराज।
2. निदेशक, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।
3. प्रबन्ध निदेशक, उत्तर प्रदेश जल निगम, लखनऊ।
4. जिलाधिकारी- सोनभद्र, मीरजापुर, ललितपुर, झांसी, महोबा, चित्रकूट, बांदा, हमीरपुर एवं जालौन।
5. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-2, उत्तर प्रदेश शासन।
6. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(डा0 अम्बरीष कुमार सिंह)
अनु सचिव।